पहली बार भास्कर में कीजिए हनुमानजी के इस रूप के दर्शन

बजरंग बली के दोनों हाथों में फल इस रूप के दर्शन से पूरे होते हैं काम

जाइ पुकारे ते सब, बन उजार जुबराज।
सुनि सुग्रीव हरष कपि, करि आए प्रभु काज।।

• **अर्थ**–जब हनुमान जी माता जानकी की खोज करने के बाद लौटे एवं अंगदजी, जांबवंत जी, नल-नील सहित अपने दल को अवगत करवाया, तब सभी सफलता के उत्साह में त्रिकिंध्य के राज वन में मधुर फल खाने लगे। दूत द्वारा उपवन से फल खाए जाने की घटना को जाकर राजा सुग्रीव को बताया तो सबको विश्वास हो गया कि माता सीता का पता लगाकर हनुमान जी लौट आए हैं।

निशि दाधीच | अजमेर

अजमेर की महर्षि दधीचि वाटिका में हनुमान जी महाराज की प्राचीन एवं अद्भुत प्रतिमा विराजित है। हनुमान जी इस प्रतिमा में माता सीता का लंका से पता लगाकर आने वाली राम काज करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में दोनों हाथों में फल लिए हुए हैं और नृत्य कर रहे हैं, इन्हें राम काज करने की असीम खुशी है और ये नाच रहे हैं। समस्त दायमा ब्राह्मण पंचायत के अध्यक्ष केके त्रिपाठी बताते हैं कि हनुमान जी इस मुद्रा में यह दुर्लभ प्रतिमा है। इस वाटिका को शिवकुंड के नाम से भी जाना जाता है। यह स्थान तीर्थराज पुष्कर की 84 कोसी परिक्रमा का विश्राम स्थल है। इस कारण यह स्थान पुष्कर तीर्थ के बराबर प्राचीन है। प्रतिमा प्रसन्न मुद्रा में है, हाथों में फल हैं, जो सफलता की उन्मुक्ता प्रदर्शित करती है, हनुमान जी के ये दर्शन संसार के सभी कामों को पूरा करने में सक्षम हैं। प्रतिमा के मुख को सालासर बालाजी की तरह दाढ़ी-मूछ से शृंगारित किया जाता है, यहां प्रत्येक मंगलवार-शनिवार को चोला चढ़ता है। हनुमान जयंती पर यहां दोपहर 12 बजे जन्म आरती का आयोजन होगा।

बजरंगगढ़ बालाजी।

घाटी वाले बालाजी।

आगरा गेट बालाजी।

नला बाजार बालाजी।

मदार गेट बालाजी।

पंचमुखी बालाजी, ऋषि घाटी।

मंदिरों में आज जन्म, फल-चूरमे व रोटे का भोग लगेगा, विशेष चोलों से होगा शृंगार

अजमेर | संकट मोचक हनुमान जी के जन्मोत्सव पर गुरुवार को बालाजी के मंदिरों में दोपहर 12 बजे जन्म आरती एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिरों में विशेष सजावट की गई है, हनुमान जी को विशेष चोले अर्पण कर शृंगारित किया है। गुरुवार को मंदिरों में कतारें लगेंगी, लोग बजरंग बली के दर दर्शन करने एवं जन्मोत्सव मनाने पहुंचेंगे। एक दिन पहले बुधवार की शाम हनुमान मंदिरों में संगीतमय सुंदर कांड पाठ एवं भजन संध्याओं का आयोजन किया गया। पुष्कर रोड स्थित आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के बालाजी मंदिर, अंबे माता मंदिर सहित शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किए गए।

शहर के हनुमान मंदिरों में विशेष सजावट, लगेंगी कतारें, चढ़ेगा भोग, होगा शृंगार, तीर बजरंगी के पाठ सहित विविध आयोजन होंगे

बजरंगगढ़: 56 भोग लगेंगे

बजरंगगढ़ बालाजी मंदिर में दोपहर 12 बजे जन्म आरती के बाद 56 भोग अर्पण किए जाएंगे। यहां 6 दिनों से लगातार सुंदरकांड के पाठ हो रहे हैं। प्रवक्ता पं.मुकेश शर्मा ने बताया कि मंदिर में दर्शनों के विशेष व्यवस्था की गई है।

नला बाजार: भजन संध्या

नला बाजार के प्राचीन बालाजी मंदिर में दोपहर 12 बजे बैंड की धुनों के साथ जन्म आरती होगी। प्रसाद वितरण होगा। पुजारी पं. रमेश शर्मा ने बताया कि रात 8 बजे होने वाली भजन संध्या में राजेश लोहिया, विमल गर्ग भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

मदारगेट: 31 ढोल से आरती

मदार गेट स्थित कहार समाज के प्राचीन बालाजी मंदिर में दोपहर 12 बजे 31 ढोल से आरती होगी। पुजारी योगेश गौतम ने बताया कि 101 पौंड का मावे का केक एवं 56 भोग की इतंजी होगी, शाम 7.15 बजे महाआरती होगी।

आगरा गेट: चोला शृंगार

आगरा गेट बालाजी का हनुमान जयंती पर विशेष चोले का शृंगार किया गया है। पं. विशाल शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे जन्म आरती होगी, फल तथा चूरमे का भोग लगेगा। 7 बजे आरती होगी। सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।

घाटी वाले: राम ध्वजा चढ़ेगी

घाटी वाले बालाजी महाराज के दोपहर 12 बजे राम ध्वजा चढ़ाई जाएगी। इसके बाद जन्म आरती होगी और प्रसाद वितरण होगा। पुजारी पं.अनिल शर्मा ने बताया कि दोपहर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं रात में भजन संध्या का आयोजन होगा।

पंचमुखी: सिंदूर चोला अर्पण

ऋषि घाटी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान जी को दोपहर 12 बजे जन्म आरती की जाएगी, इससे पहले सिंदूर का चोला अर्पण किया जाएगा। बालाजी का विशेष शृंगार कर चूरमे तथा फलों का भोग लगाया जाएगा। भक्त सुंदरकांड का पाठ करेंगे।

एमडीएसयू • उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त सचिव के पदों पर भी चुनाव हुए

उमाशंकर शर्मा मंत्रालयिक संघ और बजरंग ढाका सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने

अजमेर | एमडीएस यूनिवर्सिटी में बुधवार को मंत्रालयिक और सहायक कर्मचारी संघों के चुनाव संपन्न हुए। मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद पर उमाशंकर शर्मा और सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद पर बजरंग ढाका ने जीत दर्ज की है। वह चुनाव उमाशंकर ने 35 और बजरंग ने 34 वोटों से जीता। मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के 9 कार्यकारिणी सदस्यों और सहायक कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष, महामंत्री और संयुक्त सचिव के पदों पर भी चुनाव हुए हैं। कुलपति ने सभी विजयी प्रत्याशियों को शपथ दिलाई।

सुबह 11 बजे मतदान शुरू हुआ जो दोपहर 2 बजे तक चला। मंत्रालयिक कर्मचारी संघ अध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें उमाशंकर शर्मा को 79, पूर्व अध्यक्ष दिलीप शर्मा को 44 वोट तथा मनोज विश्नोई को महज 7 वोट हासिल हुए। उमाशंकर 35 वोटों से विजयी रहे। सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद पर बजरंग लाल ढाका को 59 वोट मिले जबकि राम गोपाल शर्मा को 25 वोट मिले। बजरंग ने 35 वोट से हराया। उपाध्यक्ष पद पर चांद सिंह ने जीत दर्ज की। उन्हें 55 और राजेंद्र कुमार को 28 वोट मिले। महामंत्री पद के लिए परसराम गुर्जर चुने गए हैं। उन्हें 54 और सुरेंद्र कुमार शर्मा को 24 वोट मिले। संयुक्त सचिव पद के लिए अशोक कुमार शर्मा को 18, तराचंद को 27 और कमल कुमार श्रीवास्तव को 37 वोट मिले। कमल कुमार ने जीत दर्ज की है।

सहायक कर्मचारी संघ: चुनाव में 86 वोटों में से 84 ने मतदान किया।

मंत्रालयिक कर्मचारी: चुनाव में 137 मतदाताओं में से 130 ने वोट डाला।

एमडीएसयू में मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के विजेता पदाधिकारी।

वे चुने गए कार्यकारिणी में: चुनाव अधिकारी प्रोफेसर शिवदयाल सिंह और डीआर डॉ. सुनिल टेलर ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी में राजकुमार गर्ग, आशीष चौरसिया, पुनीत साहनी, अशोक कुमार गुप्ता, भंवर लाल चौधरी, मनोज अग्रवाल, प्रेमचंद जोनवाल, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा और सुरेंद्र कुमावत चुने गए हैं। राजकुमार गर्ग को सबसे ज्यादा 77 और आशीष कुमार चौरसिया को 72 वोट मिले हैं। दोनों अध्यक्षों ने कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला, रजिस्ट्रार विशाल दवे का आभार जताया।

9 वोट निरस्त: सहायक कर्मचारी संघ के चुनाव में 9 वोट निरस्त, मंत्रालयिक कर्मचारी के कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में 1 वोट निरस्त हुआ।

जेएलएन मेडिकल कॉलेज में 23 साल बाद हुआ फेयरवेल, साझा किए अनुभव

अजमेर | जेएलएन मेडिकल कॉलेज के अंबेडकर भवन में बुधवार को 23 साल बाद फेयरवेल समारोह हुआ। इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए एमबीबीएस, रेजीडेंट व सीनियर चिकित्सकों ने दिन रात मेहनत की। 2017 बैच को 2018 के ग्रुप ने विदाई दी। 23 साल बाद होने के कारण जेएलएन का हर एक चिकित्सक, रेजीडेंट, एमबीबीएस इस समारोह का हिस्सेदार बना। शाम सात बजे मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. कीर्ती सिंह ने 2018 बैच को बधाई दी, जिन्होंने बंद हो चुकी इस परिपाटी को फिर से शुरू करने में सबसे अधिक भूमिका निभाई है। इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने वाले नवनियुक्त डीन डॉ. आर के माथुर व आरएमसीटीए अध्यक्ष डॉ. अरविंद खरे की प्रशंसा भी की। चिकित्सकों व रेजीडेंट ने यहां के अनुभवों को शेयर किया। कार्यक्रम में डॉ. खरे व डॉ. आर के माथुर ने मेरे सपनों की रानी... व मेरे शोख बिजलिया गीत की प्रस्तुति देकर सभी को रोमांचित कर दिया। गीत पर डॉ. महिमा श्रीवास्तव ने नृत्य की प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर डॉ. रशिमकुल भास्कर, डॉ. महिमा श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. नागा सहित कई मौजूद थे। संचालन डॉ. भरत व डॉ. इमा ने किया।

www.jakson.com

JAKSON

UNLOCK SUSTAINABLE GROWTH WITH JAKSON

- 75 years of energy and engineering expertise
- Turnkey solutions for Electrical EPC & Civil Infrastructure
- 1.5 GW solar EPC & 1.6 GW solar O&M portfolio
- 4 state-of-the-art manufacturing facilities
- 1+ GW annual solar module manufacturing capacity
- In-house design and R&D team
- 50000+ satisfied customers
- Extensive presence across India & overseas
- Dedicated customer service network

OUR OFFERINGS

DISTRIBUTED ENERGY

SOLAR

Electrical EPC & Civil Infrastructure

GREEN ENERGY

JAKSON GROUP: A-43, Hosiery Complex, Phase-II Extn., Noida-01305, U.P., India | Tel.: +91-120-4302600, 4526100
Toll Free No.: 1800 103 2600 | E-mail: customer.support@jakson.com

Follow us @ Jakson Group